आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 14.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी को मंजूरी दी।
- प्रदेश में नए सरकारी वाहनों की खरीद में अब 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन अनिवार्य होंगे।
- राज्य में चारधाम यात्रा सुरक्षित शांतिपूर्वक जारी, अब तक 11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अल्मोड़ा में पुलिस ने बड़े पैमाने पर चलाया जनजागरूकता अभियान।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोत्तरी को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढा दिया है।

श्री वैष्णव ने बताया कि सूर्यमुखी बीजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में 622 रुपये प्रति क्विंटल, कपास के लिए 557 रुपये प्रति क्विंटल और तिल के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

कैबिनेट निर्णय

इस बीच प्रदेश में नए सरकारी वाहनों की खरीद में अब 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन अनिवार्य होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में ऊर्जा और ईंधन बचत को लेकर यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। कैबिनेट ने सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" मनाने, सरकारी विभागों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और रूफटॉप सोलर व गोबर गैस परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

## नीट पेपर लीक

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन व्यक्ति जयपुर से, एक गुरुग्राम से और एक व्यक्ति को नाशिक से गिरफ्तार किया गया है। अन्य कई संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। सीबीआई ने इस सिलसिले में कई स्थानों पर छापे मारे और अनेक आपत्तिजनक सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। सीबीआई इस मामले में शुरुआती जांच करने वाले राजस्थान के विशेष कार्यबल के भी समन्वय में है।

## ग्रामोत्थान परियोजना

प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष सहायतित ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

इसी क्रम में चमोली जिले के ग्राम खेती निवासी सुनीता देवी ग्रामोत्थान परियोजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता बनीं हैं। वे आदिबद्री सीएलएफ से जुड़ी हुई हैं तथा जय मां भगवती ग्राम संगठन के अंतर्गत "उमा समूह" की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025–26 में परियोजना के सहयोग से एक छोटी दुकान की शुरुआत की, जिसके लिए उन्हें 75 हजार रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। वर्तमान में श्रीमती सुनीता प्रतिमाह लगभग 12 हजार रूपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। इस आय से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तथा वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा के अतंर्गत देश व विदेश से यात्रियों के आने का सिलसिला जारी है, अब तक 11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए हैं।

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में अब तक चार लाख 91 हजार से ज्यादा यात्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। जबकि श्री यमुनोत्री और श्री गंगोत्री धाम में 26 हजारी 718 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं।

केदारनाथ धाम में पंजाब के रोपड़ से आए श्रद्धालु दिवाकर ने बताया कि यात्रा मार्ग पर प्रशासन की टीमें हर समय सहायता के लिए उपलब्ध हैं और दर्शन बेहद सहजता से हो रहे हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धामों और यात्रा मार्ग पर प्रशासन द्वारा सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ ही यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

नशा मुक्त भारत अभियान

केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से नशा मुक्त भारत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, इसी क्रम में अल्मोड़ा में पुलिस द्वारा जिले में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस लगातार सार्वजनिक स्थानों, मेडिकल कॉलेज, विद्यालयों, कालेजों में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों व लोगों को जागरूक कर रही है।

इसी क्रम में विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा परिसर सभागार में दो सत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दुष्प्रभाव के बारे में बताया, और नशे से दूर रहकर स्वस्थ्य, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस उपाधीक्षक बलवंत सिंह रावत ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। आम जन के बीच जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बहुउद्देशीय शिविर

आगामी 17 मई को चमोली जिले के देवाल में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य आम जनमानस को विधिक अधिकारों एवं विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही महिला अधिकार, बाल संरक्षण, निःशुल्क विधिक सहायता, साइबर अपराध, नशा उन्मूलन, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिक अधिकार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। जबकि विभागीय अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान भी किया जाएगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

देहरादून से प्रकाशित सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले में कम हुए वाहन की खबर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से शामिल की है।

इस खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है—कैबिनेट बैठक में जाते समय पीएम मोदी के काफिले में सिर्फ दो वाहन।

हिन्दुस्तान ने लिखा—मोदी और शाह ने काफिले में कटौती की।

वहीं उत्तराखंड कैबिनेट की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ स्थान दिया है।?

इस खबर पर अमर उजाला की हैडिंग है—उत्तराखंड के हर जनपद के 10 गांवों में होगी स्वैच्छिक चकबंदी।

जबकि हिन्दुस्तान ने लिखा— सख्ती—संयम का समय शुरू।

सोने—चांदी का आयात के महंगा होने की खबर को सभी ने प्रकाशित किया।